महंगे शौक पूरा करने की थी 1 .40 लाख की लूट

किसान से लूट का पुलिस ने किया खुलासा, चौरई मंडी से गेहूं बेचकर ललितपुर ढाना आते समय हुई थी वारदात

सिवनी नवभारत। गेहूं बिक्री की रकम लूटने की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने आठ दिन के भीतर खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रविवार को पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता ने पूरे मामले का पर्दाफाश करते हुए बताया कि आरोपियों के कब्जे से लूटी गई रकम में से 1 .22 लाख रुपये नकद, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। पुलिस ने सुनियोजित तरीके से कार्रवाई करते हुए तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों तक पहुंच बनाई।

घटना 17 अप्रैल की रात करीब 9:30 बजे की है, जब लखनवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम ललितपुर (ढाना) निवासी शिवकुमार वर्मा अपने पिता खुमान सिंह वर्मा के साथ चौरई मंडी से गेहूं बेचकर 1.40 लाख रुपये लेकर मोटरसाइकिल से वापस गांव लौट रहे थे। रास्ते में ग्राम कोहका के आगे पीछे से आए मोटरसाइकिल सवार अज्ञात बदमाशों ने अचानक उन्हें रोक लिया। बदमाशों ने डंडों से हमला कर दोनों के साथ मारपीट की और उन्हें डरा-धमकाकर पूरी नकदी लूट ली। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। अगले दिन 18 अप्रैल को पीड़ित की शिकायत पर थाना लखनवाड़ा में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में विशेष टीमों का गठन किया गया।

पुलिस ने घटनास्थल से लेकर संभावित भागने के मार्ग तक बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाई। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया, जिसमें तीन संदिग्ध व्यक्तियों की संलिप्तता के संकेत मिले। इसके बाद मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर लगातार निगरानी रखी गई, जिससे आरोपियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

बायपास पर फिर वारदात की फिराक में थे आरोपी

25 अप्रैल को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लूट की घटना में शामिल संदिग्ध आरोपी चौरई बायपास क्षेत्र में फिर किसी वारदात को अंजाम देने की नीयत से घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और चौरई थाना पुलिस के सहयोग से इलाके की घेराबंदी की गई। घेराबंदी के दौरान तीन संदिग्धों को पकड़ा गया, जो शुरुआत में अपना नाम-पता छिपाने का प्रयास करने लगे। बाद में पुलिस द्वारा अलग-अलग और मनोवैज्ञानिक तरीके से की गई पूछताछ में तीनों ने 17 अप्रैल की लूट की वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली।

पुराने आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आए

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लूटी गई रकम में से 1.22 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। इसके अलावा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में संदीप बघेल (30) निवासी जैतपुरकला, अभय उर्फ गब्बर (19) निवासी खमरिया और रोहित उर्फ विक्की (23) निवासी मोहगांव शामिल हैं। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपियों के खिलाफ पहले से भी जुआ, मारपीट, हत्या के प्रयास और चोरी के प्रयास जैसे गंभीर प्रकरण दर्ज हैं। पूरी कार्रवाई में उप निरीक्षक कोमल टोप्पो सहित लखनवाड़ा थाना, चौरई थाना और सायबर सेल की टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

मामूली विवाद में युवक की हत्या, शव रखकर लगाया जाम

मंडला मार्ग घंटों बाधित, समझाइश के बाद खुला रास्ता; आरोपियों की तलाश तेज

सिवनी नवभारत। जिले में सड़क किनारे हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर लखनादौन-मंडला मार्ग जाम कर दिया। हररई गांव के पास बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। सड़क जाम होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को काफी देर तक परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना घंसौर थाना क्षेत्र के बरोदा गांव के पास तिगड्डा क्षेत्र की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, फोर व्हीलर को साइड देने को लेकर गोवर्धन यादव और कुछ अन्य लोगों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने गोवर्धन पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल गोवर्धन को तत्काल सिविल अस्पताल लखनादौन ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया और जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इसके बाद जाम समाप्त कराया गया और यातायात बहाल हुआ। पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है और क्षेत्र में अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कुछ लोग सड़क किनारे कार खड़ी कर शराब पी रहे थे, जिन्हें वाहन हटाने के लिए कहा गया था। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ा और घटना घटित हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सड़क पर उतरे ग्रामीण

युवक की मौत की खबर फैलते ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। नागधार पुरवा गांव के मृतक के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण हररई के पास एकत्र हुए और शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने साफ कहा कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया।

एक नजर में

10 तक चलेगा हेलमेट जागरूकता एवं चेकिंग अभियान

सिवनी। आमजन की सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि में कमी लाने के उद्देश्य से सिवनी पुलिस द्वारा एक विशेष हेलमेट अनिवार्य अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान आज दिनांक 26 अप्रैल से शुरू होकर 10 मई तक निरंतर जारी रहेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट के प्रति जागरूक करना और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना है। यातायात पुलिस का प्राथमिक लक्ष्य केवल चालान काटना नहीं, बल्कि जिले के प्रत्येक नागरिक की सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित करना है। अभियान के दौरान शहरी क्षेत्र एवं सिवनी जिले के ग्रामीण थाना क्षेत्र में भी सघन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। बिना हेलमेट पाए जाने वाले चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षित यात्रा हेतु नागरिकों से केवल आईएसआई मार्क वाले हेलमेट के उपयोग की अपेक्षा की जाती है। जिले वासियों से विनम्र अनुरोध है कि वे अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए दुपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। यातायात नियमों का पालन केवल पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपने अमूल्य जीवन की रक्षा के लिए करें।

कृषि आदान विक्रेता आज से हड़ताल पर

सिवनी। सिवनी जिला खाद बीज जिलाध्यक्ष फतेह सिंह सनोदिया, सचिव प्रीतम चंद्रवंशी ने बताया कि इस दौरान तहसील व जिलास्तर पर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। सिवनी जिला उपाध्यक्ष दीपक साहू ने बताया खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों की समस्याओं को लगातार राज्य एवं केंद्र सरकार के सामने उठाए जाने के बाद भी निराकरण नहीं हुआ। इसके विरोध में महाराष्ट्र राज्य संगठन (माफड़ा) ने 27 अप्रैल से अनिश्चितकालीन का आह्वान किया है। उसके समर्थन में देश के सभी राज्यों में खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। इस प्रकार से व्यापारियों ने दुकानों पर बंद के समर्थन में बैनर लगा रखे हैं। हड़ताल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम प्रत्येक तहसील विकासखंड एवं जिला स्तर पर बंद करके जुलूस निकाल कर ज्ञापन दिए जाएंगे। इसके बाद यदि एक माह में समस्याओं पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता है तो आगामी खरीफ सीजन के पूर्व अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा भी की जा सकती है। इस दौरान पदाधिकारियों ने समस्त खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों से अपील की है कि 27 अप्रैल को 1 दिन के बंद के आह्वान में पूर्ण रूप से सहयोग करें।

मांगो को लेकर जनरल मैनेजर रेलवे को सौंपा ज्ञापन

कान्हीवाड़ा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के जनरल मैनेजर तरुण प्रकाश एवं डिविजनल मैनेजर नागपुर दीपक कुमार गुप्ता के सिवनी आगमन पर कान्हीवाड़ा, हाल्ट स्टेशन की समस्या को लेकर क्षेत्र के समस्त जनप्रतिनिधियों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन ब्रॉड गेज रेल संघर्ष समिति के नेताओं के साथ एम नईम खान प्रेषित किया जिन प्रमुख मांगों में नागपुर मंडल के सबसे बड़े हॉट स्टेशन कान्हीवाड़ा में पेंचुअली एक्सप्रेस 19344, 19343 का स्टाफ की मांग प्रमुखता से रखी। ज्ञात हो कि यह उप तहसील स्तर का स्टेशन है जहां प्रतिदिन सैकड़ो यात्रियों का आना-जाना लगा रहता जबकि छिंदवाड़ा जिले के दो हाल्ट स्टेशन हृदयगढ़ एवं जंबाला में 3 सितंबर 2025 को पंचवेली के स्टाफ किए जाने की जानकारी जबकि वह कान्हीवाड़ा, से छोटे ग्राम है इसके साथ स्टेशन में जाने के लिए बनाई गई नई एप्रोच रोड जहां प्रकाश की व्यवस्था न होने के कारण यात्रियों को भारी असुविधा हो रही है विशेष कर रात पर वृद्ध जनों को आने-जाने में भारी असुविधा होती है। स्टेशन पर लगी स्ट्रीट लाइट से दो खंबे और आगे लगा दिए जाते हैं तो समस्या का निराकरण हो सकता है। इसी के साथ स्टेशन पर पूर्व में लोहे की जो फेंसिंग की गई है।

शादी के पांचवें दिन नई नवेली दुल्हन की मौत, परिवार में पसरा मातम

मायके से ससुराल लौटते समय बिगड़ी तबीयत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

छपारा नवभारत। सिवनी जिले के छपारा थाना क्षेत्र अंतर्गत देवतामऊ गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई जहां शादी के सिर्फ पांच दिनों बाद ही नवविवाहिता की अचानक मौत हो जाने से परिवार में मातम पसरा हुआ है। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार छपारा विकास खंड के सीमावर्ती गांव देवतामऊ निवासी कल्याण धुर्वे 25 वर्ष का विवाह विगत 22 अप्रैल को छिंदवाड़ा जिले के चौरई थाना क्षेत्र के लिखड़ी गांव निवासी कविता धुर्वे (लगभग 20 वर्ष) के साथ हुआ विवाह के बाद सभी रस्में पूरी होने के पश्चात दुल्हन अपने मायके चली गई थी।

बताया जाता है कि 25 अप्रैल को पति कल्याण धुर्वे अपनी पत्नी को विदा कराकर बाइक से देवतामऊ गांव वापस लौट रहे थे। रास्ते में गांव पहुंचने से करीब 20 किलोमीटर पहले कविता की अचानक तबीयत बिगड़ गई और उसे उल्टियां होने लगीं। परिजन किसी तरह उसे घर लेकर पहुंचे, लेकिन कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मृतका के मायके पक्ष को दी गई। इसके बाद शव को छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां 26 अप्रैल को सुबह नायब तहसीलदार रामसेवक कौल एवं छपारा पुलिस की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। इस दुखद घटना से दोनों परिवारों में शोक की लहर है। शादी की खुशियां कुछ ही दिनों में मातम में बदल जाने से गांव में भी गहरा दुख व्याप्त है।

ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति का हुआ विस्तार, जिले में रेल आंदोलन होगा तेज

सिवनी नवभारत। ब्राडगेज रेल संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप सिंह बैस ने संगठन का विस्तार किया है जिसमें सिवनी जिले के उर्जावान युवा नेता अतुल मालू को राष्ट्रीय महासचिव बनाया है तथा जयप्रकाश परिहार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में मनोनीत कर जिलाध्यक्ष का कार्यभार युवा छात्र नेता शक्ति सिंह जडेजा को सौंपा है। मिडिया प्रभारी राजिक अकील को बनाया गया है। इसके अलावा केवलारी अध्यक्ष दिनेश ठाकुर, कान्हीवाडा अध्यक्ष एम नईम खान, छपारा अध्यक्ष संजय सिंह बैस, बंडोल अध्यक्ष विनोद पुरोहित, कुरई अध्यक्ष शिवनारायण उइके, भोमा अध्यक्ष डालचंद पुसाम, गोपालगंज अध्यक्ष ईशा ख़ान, धूमा अध्यक्ष हिमांशु मोनू तिवारी, खवासा अध्यक्ष फारुख शकिर खान, गंगेरुवा अध्यक्ष नीलकंठ बाहेशवर को बनाया गया है।

ब्राडगेज रेल संघर्ष समिति राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप सिंह बैस ने बताया कि सिवनी बरघाट कटंगी नयी रेल लाइन का सर्वे कार्य स्वीकृत होने के बाद कार्य को प्रारंभ करने तथा गोंदिया बालाघाट जबलपुर मंडला नैनपुर सिवनी छिंदवाड़ा नागपुर डबल रेल लाइन को प्राथमिकता के साथ जल्द पूर्ण कराने के संकल्प और आगामी दिनों में रेल आंदोलन को और अधिक व्यापक असरदार बनाने ब्राडगेज रेल संघर्ष समिति का विस्तार किया जा रहा है।

बदमाशों व चाकूबाजों पर डूण्डासिवनी पुलिस की सख्त कार्यवाही

तीन आरोपी पहुंचे जेल

सिवनी नवभारत। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता व्दारा गुण्डा बदमाशो व चाकूबाजो पर सख्त कार्यवाही हेतू निर्देशित किया जाता रहा है। साथ जनता को भय मुक्त वातावरण हेतू प्रयत्नशील रहते है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं सी.एस.पी. सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डूण्डासिवनी चैनसिंह उइके व्दारा उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये पूर्व में भी चाकूबाजी की घटना पर सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है।

गत 24 अप्रैल को गयाप्रसाद सनोडिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम डोरलीछतरपुर मे रात्रि लगभग 11:00 बजे क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर वाद विवाद हुआ, जिसमें आरोपी उदय सनोडिया अपने साथियों के साथ प्रार्थी के घर के सामने पहुँचा और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से धारदार हथियार (बका) से हमला कर दिया। घटना में प्रार्थी गयाप्रसाद सनोडिया, उनके पुत्र अंकित सनोडिया एवं पुत्री रोशनी सनोडिया घायल हो गए। घायलों को तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल सिवनी में भर्ती कराया गया।

आरोपियों से हथियार बरामद

सूचना मिलते ही डूण्डासिवनी पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच प्रारंभ की गई एवं तत्परता से कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार बरामद किया गया है। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक सिवनी ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु इस प्रकार की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी तथा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की विवाद/संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

कान्हीवाड़ा में गहराया जल संकट, पेयजल के लिए मचा हाहाकार

कान्हीवाड़ा नवभारत। भीषण गर्मी की शुरुआत के साथ ही काँहीवाड़ा ग्राम में गंभीर जल संकट उत्पन्न हो गया है। लगभग 12 हजार से अधिक आबादी वाले इस क्षेत्र में पेयजल की भारी किल्लत से ग्रामीण परेशान हैं और हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत द्वारा करीब 40 वर्ष पुरानी नल-जल योजना के माध्यम से पूरे गांव में पेयजल आपूर्ति की जाती है। यही योजना अब गांव के लिए जीवनरेखा बनी हुई है, लेकिन वर्तमान में जल स्त्रोतों के सूखने और जल स्तर गिरने से यह व्यवस्था चरमराने लगी है।

ग्राम पंचायत में कुल 7 बोरवेल हैं, जिनमें से 2 पूरी तरह सूख चुके हैं, जबकि शेष बोरों का जलस्तर भी काफी नीचे चला गया है। बरघाट रोड क्षेत्र के 5 बोरों में से 2 सूख गए हैं और 3 में पानी का स्तर बेहद कम हो चुका है। इन बोरों से फूटाताल, जंगलटोला, तहसीलटोला, बैगा मोहल्ला, नगारची मोहल्ला और एरिगेशन कॉलोनी जैसे क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति की जाती है। स्टेशन रोड क्षेत्र में स्थित 2 बोरवेल भी अब जवाब दे चुके हैं। इनके माध्यम से स्टेशन रोड, बीहर मोहल्ला, कुम्हारी मोहल्ला, दुर्गा चौक, खैरी रोड, बाजार चौक, बस स्टैंड, पुलिस थाना, फॉरेस्ट कॉलोनी और कसाईटोला क्षेत्रों में पानी पहुंचाया जाता था, जो अब पूरी तरह प्रभावित हो गया है। जल स्त्रोतों के सूखने से पूरे ग्राम में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीणों को दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे पानी का दुरुपयोग न करें और हर बूंद की बचत करें, ताकि संकट की इस घड़ी में सभी को पेयजल उपलब्ध हो सके। कई दुकानदार तो फोर व्हीलर भूलने की दुकान खोल के रखे हैं जिनके घरों में नल कनेक्शन है एवं रोड में रोड में पानी बहन फैशन हो गया है आज तक पंचायत में कोई कार्यवाही नहीं की ना नोटिस नहीं दिया गया।

धान खरीदी के 4 महीने बाद भी भुगतान अटका, प्रेमवती ने लगाई कलेक्टर से गुहार

उगली नवभारत। जिले के केवलारी तहसील अंतर्गत ग्राम उगली निवासी किसान श्रीमती प्रेमवती पति सहतलाल सरोते को धान बेचने के 4 महीने बाद भी भुगतान नहीं मिलने का मामला सामने आया है। परेशान किसान ने अब कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई के माध्यम से न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, किसान प्रेमवती ने 8 दिसंबर 2025 को सेवा सहकारी समिति मर्यादित अर्जुनझिर (बगलई) के खरीदी केंद्र उगली में 38.40 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचा था। इस धान की कुल राशि 90,969 रुपये बनती है। किसान को जारी खरीदी पावती में स्पष्ट उल्लेख है कि भुगतान निर्धारित समय सीमा में बैंक खाते में किया जाएगा, लेकिन आज तक राशि प्राप्त नहीं हुई है। किसान ने इस संबंध में कलेक्टर को लिखित आवेदन देकर बताया कि कई बार संबंधित समिति और अधिकारियों के पास जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। मजबूर होकर उन्होंने जनसुनवाई में आवेदन क्रमांक 2826 (दिनांक 17/03/2026) और पुन: आवेदन क्रमांक 3568 (दिनांक 21/04/2026) प्रस्तुत किया, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। आवेदन में किसान ने मांग की है कि धान उपार्जन की लंबित राशि जल्द से जल्द उनके बैंक खाते में जमा कराई जाए, ताकि आर्थिक परेशानी से राहत मिल सके।

आयोजन गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र काठियावाड़ के पवित्र हरिद्रा सरोवर से लाए गए जल से मां भगवती का अभिषेक किया

मां पीतांबरा बगलामुखी देवी का जन्मोत्सव, श्रद्धा और भक्ति से गूंजा धाम

सिवनी नवभारत। जिले में माँ पीतांबरा बगलामुखी देवी का जन्मोत्सव 24 अप्रैल शुक्रवार (वैशाख शुक्ल अष्टमी) को बड़े ही हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। माँ बगलामुखी शक्ति सिद्ध पीठ, सिवनी में आयोजित इस दिव्य कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए भक्तों और साधकों की उपस्थिति ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ 22 अप्रैल, बुधवार से पूज्य गुरुमाता देवी ज्ञानेश्वरी गोस्वामी जी के पावन सानिध्य में हुआ। इस दौरान रात्रि 11 बजे से प्रात: 6 बजे तक मंत्रजाप, पूजन-अनुष्ठान, जलाभिषेक, दिव्य श्रृंगार और आरती का आयोजन किया गया। 23 अप्रैल को भी रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक गुरु माँ के साक्ष्य में साधकों एवं शिष्यों द्वारा विधिवत सामूहिक अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। मुख्य दिन 24 अप्रैल को ब्रह्म मुहूर्त में प्रात: 4 बजे से 6 बजे तक गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र काठियावाड़ के पवित्र हरिद्रा सरोवर से लाए गए जल से माँ भगवती का दिव्य अभिषेक किया गया। गौपंचामृत, कनेर, पलाश, चंपा सहित विविध पुष्पों से माँ का भव्य श्रृंगार किया गया और अनेक प्रकार के व्यंजनों से भोग अर्पित किया गया।

दोपहर में गुरुमाता द्वारा श्रद्धालुओं को गुरु दीक्षा प्रदान की गई तथा माँ बगलामुखी की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

गुरु माँ ने उद्बोधन देते हुए कहा माँ बगलामुखी देवी शत्रु स्तंभन ,बाधामुक्ति ,वाक्य सिद्धि ,एवं सर्व कष्ट निवारण ,की देवी हैं । माँ बगलामुखी के प्रति अटूट विश्वास कर लेना एवं माँ की शरण पा लेना ही परम सौभाग्य है । संध्याकाल में शाम 7 बजे माँ की महाआरती सम्पन्न हुई, जिसके पश्चात कढ़ी-चावल सहित विविध व्यंजनों का महाप्रसाद वितरित किया गया।

रात्रि 8 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें छिंदवाड़ा, जबलपुर और सिवनी सहित विभिन्न स्थानों से आए कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में अनेक भक्तों और कलाकारों का सहयोग सराहनीय रहा।

समापन अवसर पर पूज्य गुरु माँ देवी ज्ञानेश्वरी गोस्वामी जी ने सभी भक्तों और कलाकारों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए माँ से प्रार्थना की कि जिन श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया है, उनके जीवन में सुख, समृद्धि और मंगल की वर्षा हो तथा वे सभी कष्टों, रोगों और बाधाओं से मुक्त रहें।

पूरे आयोजन ने सिवनी को भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर कर दिया, जिससे यह जन्मोत्सव क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और यादगार उत्सव बन गया। कार्यक्रम समापन की बेला में गुरु माँ देवी ज्ञानेश्वरी गोस्वामी जी ने सभी कलाकारों भक्तों को सहृदय अनुग्रह शुभ आशीर्वाद प्रदान किया।

भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

माँ भगवती पीतांबरा के हृदय साधक भक्तों द्वारा रात्री 8बजे से माई की इक्षा तक विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया रात्रि 8:00 बजे बाहर से आए हुए कलाकारों ने अपनी भव्य प्रस्तुति दी जिसमें छिंदवाड़ा जबलपुर सिवनी से आए हुए कलाकार द्वारा भव्य प्रस्तुति, सत्यम बैन ,मास्टर सूरज शिवम बैन ,शिवम सेन, कौशिक ,राम डहेरिया बबलू , रिंकी सोनी। यामिनी गोस्वामी ,तपस्या गिरी, आराध्या गोस्वामी ,ब्रजेश्वरी गोस्वामी,शिवदर्शन गिरी,रामायण सिंग बैन ,कृष्णा गोस्वामी ,मुन्ना लाल बर्मन,नेपाल चंद्रवंशी ,मनीष डहेरिया,आशीष तंतुवाय सभी भक्तों का सहयोग बहुत सराहनीय रहा।

छपारा नगर परिषद ने प्याऊ केंद्रों पर तैनात किए कर्मचारी

41 डिग्री तापमान में राहगीरों को मिल रहा ठंडा पानी

छपारा नवभारत। संपूर्ण मध्यप्रदेश में जहां भीषण गर्मी और तपती धूप से तापमान सुबह से ही 41 डिग्री पर पहुंच रहा है वहीं प्रशासन ने स्थानीय निकायों से राहगीरों को गर्मी से राहत हेतु प्याऊ व्यवस्था के लिए निर्देशित किया है जिसमें नगर परिषद छपारा द्वारा शुरू की गई प्याऊ व्यवस्था की बदहाली को लेकर बीते 22 अप्रैल को प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया था। खबर का संज्ञान लेते हुए नगर परिषद प्रशासन ने विगत दो दिनों से प्याऊ केंद्रों की स्थिति में सुधार कर दिया है। नियमित देखरेख के लिए कर्मचारी तैनात कर दिए गए हैं।

पूर्व में इन प्याऊ केंद्रों पर अव्यवस्था का आलम था, जहां मटके खाली पड़े थे और आवारा मवेशियों का जमावडा और गंदगी का आलम रहता था। समाचार प्रकाशित होने के बाद अब प्रत्येक प्याऊ केंद्र पर एक कर्मचारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो मटकों में पानी भरने और साफ-सफाई का ध्यान रख रहा है। नगर के मुख्य मार्गों, बस स्टैंड और चौराहों पर अब राहगीरों को 41 डिग्री सेल्सियस के भीषण तापमान में शीतल जल उपलब्ध हो रहा है।

नगर परिषद की इस त्वरित कार्रवाई पर स्थानीय नागरिकों ने आभार व्यक्त किया है। हालांकि, क्षेत्रीय जनों ने सुरक्षा और स्वच्छता की दृष्टि से कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन द्वारा की गई यह पहल सराहनीय है। यदि इन छोटे-छोटे सुधारों को भी अमल में लाया जाता है, तो यह व्यवस्था और भी बेहतर और स्वास्थ्यप्रद हो जाएगी। फिलहाल, गर्मी से जूझ रहे राहगीरों को नगर परिषद की इस सुधरी हुई व्यवस्था से बड़ी राहत मिल रही है।